विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3005

शुक्रवार 6 अगस्त, 2021 को उत्तर देने के लिए

राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी अनुसंधान विश्वविद्यालय

3005. श्री भर्तृहरि महताब:

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का देश में प्रथम राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी अनुसंधान विश्वविद्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और मुख्य विशेषताएं क्या हैं; और

(ग) उक्त विश्वविद्यालय कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है ?

उत्तर

विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) से (ग) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा अपने प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत विभिन्न स्वायत्त अनुसंधान एवं विकास संस्थानों की अनुसंधान क्षमता का लाभ उठाते हुए अपनी तरह का पहला राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अनुसंधान विश्वविद्यालय स्थापित करने का प्रयास करने संबंधी मामले पर विचार-विमर्श किया गया और विभाग के वैज्ञानिकों और अधिकारियों के अभिभाषण में इसे दर्ज किया गया ।

*****